पत्र सूचना कार्यालय (रक्षा विंग)
भारत सरकार
****
'हर काम देश के नाम'

नई दिल्लीः ज्येष्ठ 12,1944
बृहस्पतिवारः 02 जून 2022

रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह ने अपने इजरायली समकक्ष श्री बेंजामिन गैंट्ज से नई दिल्ली में द्विपक्षीय वार्ता की

भविष्य की प्रौद्योगिकियों और रक्षा सह-उत्पादन में अनुसंधान एवं विकास पर ध्यान केंद्रित करने के साथ सभी कार्यक्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा की

मौजूदा ढांचे को और मजबूत करने के लिए रक्षा सहयोग पर भारत-इजराइल दृष्टिकोण का कार्यान्वयन

रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह ने इजराइल के रक्षा मंत्री श्री बेंजामिन गैंट्ज के साथ नई दिल्ली में 02 जून 2022 को द्विपक्षीय बैठक की। बैठक के दौरान द्विपक्षीय, क्षेत्रीय और रक्षा औद्योगिक सहयोग से संबंधित कई विषयों पर चर्चा की गई। दोनों मंत्रियों ने मौजूदा सैन्य-से-सैन्य गतिविधियों की समीक्षा की, जो कोविड-19 महामारी के कारण चुनौतियों के बावजूद बढ़ी हैं। उन्होंने भविष्य की प्रौद्योगिकियों और रक्षा सह-उत्पादन में अनुसंधान एवं विकास पर ध्यान केंद्रित करने के साथ सभी क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा की।

दोनों मंत्रियों ने आपसी सुरक्षा चुनौतियों और कूटनीतिक तथा रक्षा विषयों पर परस्पर समरूपता को स्वीकार किया। उन्होंने सभी मंचों पर सहयोग बढ़ाने के लिए मिलकर काम करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। भारत-इजरायल रक्षा सहयोग संरचना के मौजूदा ढांचे को और मजबूत करने के इरादे से, दोनों पक्षों ने रक्षा सहयोग पर भारत- इजराइल दृष्टिकोण को अपनाया। दोनों मंत्रियों के बीच भविष्य की रक्षा प्रौद्योगिकियों के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने के लिए एक इच्छा पत्र का भी आदान-प्रदान किया गया।

इससे पहले, इजराइल के रक्षा मंत्री ने राष्ट्रीय समर स्मारक का दौरा किया और स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित करके वीर योद्धाओं को श्रद्धांजलि अर्पित की। रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह के साथ द्विपक्षीय बैठक से पहले उन्हें औपचारिक गार्ड ऑफ ऑनर प्रदान किया गया।

इजराइली रक्षा मंत्री भारत की अपनी आधिकारिक यात्रा पर 02 जून 2022 की सुबह नई दिल्ली पहुंचे। दोनों देशों के बीच रक्षा संबंधों को मजबूत करने के उद्देश्य से यह उनकी पहली भारत यात्रा थी। रक्षा सहयोग द्विपक्षीय सहयोग के महत्वपूर्ण स्तंभों में से एक रहा है। इस वर्ष भारत और इजराइल के बीच आधिकारिक राजनयिक संबंधों के गठन की 30वीं वर्षगांठ है।

एबीबी/डीके/डीएस/आरपी